पंजाब केसरी 19/09/2024

कृमिनाशक तथा सामान्य स्वास्थ्य जागरुकता विषय पर हुआ राष्ट्रीय सैमीनार

अम्बाला, 18 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के एनसीसी विंग, एनएसएस सैल, ब्लड बैंक तथा डिस्पैंसरी कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से कृमिनाशक तथा सामान्य स्वास्थ्य जागरुकता पर राष्ट्रीय सैमीनार कराया गया।

कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने इस दिवस का उद्देश्य बताते हुए कहा हालांकि ये दिवस 10 फरवरी को मनाया जाता है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा कृमि मुक्ति कार्यक्रम माना जाता है, यह 2015 में भारत में शुरू किया गया था और इसका लक्ष्य लगभग 240 मिलियन बच्चों को लक्षित करना है।

आज यह दिवस डी.जी.एच.ई. के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए 2 प्रख्यात डॉक्टर, डा. गुलशन नागपाल तथा डा. जोगिन्दर सिंह को आमंत्रित किया गया। दोनों ने उक्त विषय पर व्याख्यान दिया। दोनों डॉक्टर्स ने विषय पर गहन चिंतन किया

सैमीनार में शामिल बच्चों के साथ डा. गुलशन नागपाल व डा. जोगिन्दर सिंह। (देवदत्त)

तथा बच्चों में कृमि संक्रमण के समाधान को छात्रों से सांझा किया। मंच संचालन डा. के.के. पुनिया द्वारा बहुत खूबसूरती से किया गया।

डा. एस.एस. नैन, ए.एन.ओ. बॉयज विंग्स, डा. तृप्ति शर्मा, सी.टी.ओ. गर्ल्स विंग्स तथा डा. सरोज बाला, एनएसएस अध्यक्षा ने बताया कि इस कृमि संक्रमण के हानिकारक प्रभाव तुरंत स्पष्ट नहीं हो सकते हैं, लेकिन समय के साथ यह जीवन के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। लगातार संक्रमण से बच्चों के विकास, पोषण, मानसिक क्षमताओं और सीखने पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। इस अवसर पर 91 छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिनमे से 61 एनसीसी कैडेट्स रहे। इसके उपरांत छात्रों को कृमि नाशक दवाइयां भी वितरित की गई।